दिनांक 17.01.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

जमीन पर कब्जा करने के उद्देश्य से किया जा रहा था निर्माण, निगम ने लिया एक्शन और हटाया अवैध निर्माण, भिलाई निगम प्रशासन का अवैध कब्जा व अतिक्रमण के खिलाफ निरंतर कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अवैध कब्जा करने वालों पर नजर रखी जा रही है और उनके विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है , जोन 01 नेहरूनगर क्षेत्र में निगम के राजस्व विभाग की टीम ने जब निरीक्षण किया तो फरीद नगर में पार्क की जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा अस्थाई रूप से बांस, बल्ली से कब्जा होना पाया। जिस पर कार्यवाही करते हुए तोड़फोड़ उपरांत सामग्री को जप्त किया गया। निगम क्षेत्र में अतिक्रमण, अवैध निर्माण तथा अवैध प्लाटिंग करने वालों पर शिकंजा कसने निगम आयुक्त रोहित व्यास ने अधिकारी/कर्मचारियों को निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में कार्यवाही की जा रही है। जोन 01 के जोन आयुक्त राजेन्द्र नायक ने बताया कि फरीद नगर में पार्क के लिए संरक्षित स्थल पर वहां के रहने वाले कुछ लोगो के द्वारा बांस , बल्ली से झोपड़ी बनाकर कब्जा कर लिए थे , एक दो के बाद कई लोग अस्थाई रूप से अवैध निर्माण कर रहे थे , जिसकी शिकायत भी हुई थी, शिकायत के आधार जोन 01 के राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और किए गए कब्जे को तोड़फोड़ कर ध्वस्त किया गया। कब्जे को हटाने के लिए निगम की टीम ने पूर्व में भी चेतवानी दी थी , परंतु कब्जा नहीं हटाया गया था। जिसे देखते हुए तहसीलदार एवं पुलिस बल के साथ निगम प्रशासन का अमला पहुंचा और कब्जा करने वालों को बेदखल करने की कार्रवाई की गई। कार्यवाही के दौरान तहसीलदार क्षमा यदु , सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू , सब इंजीनियर पुरूषोत्तम सिन्हा , राजस्व विभाग एवं तोड़फोड़ दस्ते के कर्मचारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे।